# अमेरिका को सस्ते नौकर नहीं चाहिए : जेडी वेंस

## एच-वन वीजा विवाद : ट्रंप ने मांगी प्रतिभा, वेंस ने ठुकराया

**वॉशिंगटन, 15 नवंबर. अमेरिका में एच -1 वीजा को लेकर छिड़ी बहस एक बार फिर गरमाती दिखाई दे रही है.**

इस बार विवाद के केंद्र में हैं अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जिन्होंने विदेशी कर्मचारियों को सस्ते नौकर कहकर एक नया राजनीतिक भूचाल ला दिया है. उनका कहना है कि अमेरिका को कम वेतन वाले विदेशी कामगारों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि देश को उन तकनीकों की जरूरत है जो स्थानीय ब्लू-कॉलर वर्करों को अधिक सक्षम बना सकें. यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी प्रतिभा की कमी का हवाला देते हुए एच-1 वीजा की जरूरत बताई थी. दोनों शीर्ष नेताओं के



उलट बयान ने अमेरिकी राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है. वेंस ने डेमोक्रेट्स पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनका मॉडल विदेशी कम-वेतन कर्मचारियों को आयात करने पर निर्भर है, जिससे अमेरिकी नौकरियां और मजदूरी दोनों प्रभावित होती हैं. इसके विपरीत, वेंस का दावा है कि तकनीक और नवाचार से स्थानीय नागरिकों को अधिक अवसर मिलेंगे. ट्रंप के बयान और वेंस की प्रतिक्रिया ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर एच-1 वीजा पर रिपब्लिकन पार्टी की एक-समान नीति है भी या नहीं. इस टकराव ने आने वाले समय की सियासत को और दिलचस्प बना दिया है. अमेरिका में एच-1 वीजा से जुड़े मुद्दे हमेशा से राजनीतिक बहस का केंद्र रहे हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के हालिया बयान ने इस चर्चा को नया मोड़ दे दिया है. उन्होंने कहा कि अमेरिका को सस्ते विदेशी नौकरों की जरूरत नहीं है.

### दक्षिण कोरिया से आए कर्मचारी करते थे प्रशिक्षित

यह टिप्पणी न केवल विवादित रही, बल्कि यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदा विचारधारा के भी पूरी तरह विपरीत दिखाई दी. ट्रंप ने कुछ दिन पहले कहा था कि अमेरिका विशेष कौशल वाले विदेशी कर्मचारियों की कमी का सामना कर रहा है, और इसलिए कुछ सेक्टर जैसे बैटरी निर्माण में विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत बनी हुई है. उन्होंने जॉर्जिया के बैटरी प्लांट का मामला उठाते हुए बताया कि वहां दक्षिण कोरिया से आए कर्मचारी जटिल बैटरी निर्माण तकनीक में माहिर थे और अमेरिकी कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी करते थे.

वेंस का आरोप है कि डेमोक्रेट्स की नीति विदेशी मजदूरों को आयात करके अमेरिकी श्रम बाजार को सस्ता बनाने की रही है. इससे विपरीत, वे सुझाव देते हैं कि देश को ऐसी तकनीकों में निवेश करना चाहिए जो स्थानीय अमेरिकी कर्मचारियों को अधिक उत्पादक, कुशल बना सके. इस मुद्दे पर दोनों नेताओं के विपरीत बयानों ने रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी वैचारिक असहमति को उजागर कर दिया है. एक पक्ष विदेशी प्रतिभा को नवाचार का इंजन मानता है, दूसरा पक्ष इसे अमेरिकी श्रमिक वर्ग के हितों के खिलाफ देखता है. एच-1 वीजा पहले से ही अमेरिका में सियासी ध्रुवीकरण का बड़ा मुद्दा रहा है.

# पीजीआई के पास अतिक्रमण केस निपटाए एलडीए : उच्च न्यायालय

**लखनऊ 15 नवंबर. इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एलडीए के विहित प्राधिकारी को आदेश दिया है कि वह पीजीआई के आसपास अतिक्रमण संबंधी मामले का दो माह में निस्तारण करें.**



इसी के साथ अपर आयुक्त (प्रशासन), लखनऊ को भी निर्देशित किया है कि उक्त के संबंध में जो अपील उनके समक्ष विचाराधीन है, उसका भी दो माह में निस्तारण किया जाए. न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय निवासी प्रेम शंकर पांडेय की वर्ष 2018 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया है. याचिका में राजधानी के अस्पतालों के आस-पास से अतिक्रमण हटाने का आदेश देने का आग्रह किया गया था. साथ ही पीजीआई के मेन गेट के सामने और आस पास अतिक्रमण को हटाए जाने की गुजारिश की गई थी. जिससे वहां खास तौर पर एम्बुलेंस व अन्य जरूरी वाहनों व लोगों का आवागमन सुचारु हो सके. सुनवाई के दौरान कोर्ट को यह भी बताया गया कि अब पीजीआई के आसपास कोई अतिक्रमण नहीं है.

# ब्राजील में गोलीबारी छह की मौत, एक घायल

**रियो डी जेनेरियो.** ब्राजील के रियो डी जेनेरियो स्थिति एक पार्टी हॉल में कथित प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोग मारे गए और एक अन्य घायल हो गया. स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है. पुलिस ने बताया कि गोलीबारी उत्तरी होनोरियो गुरगेल इलाके में हुई जहां कथित तौर पर आपराधिक गिरोह कोमांडो वर्मेलो के सदस्य एक पार्टी कर रहे थे. प्रतिद्वंद्वी गिरोह टेरसीरो कोमांडो पुरो ने आयोजन स्थल पर धावा बोला दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी हुई. गौरतलब है कि सुरक्षा बलों ने 28 अक्टूबर को रियो डी जेनेरियो में कोमांडो वर्मेलो के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी, जिसमें कम से कम 121 लोग मारे गए थे.

# वेनेजुएला महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग

**विशाखापत्तनम, 15 नवंबर.** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला ने दुर्लभ खनिज क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग स्थापित करने और इस क्षेत्र में भारत से निवेश आकर्षित करने की इच्छा प्रकट की है. भारत ने वेनेजुएला से भारतीय औषधियों के लिए बाजार व्यवस्था को आसान बनाने का सुझाव दिया है और वाहन क्षेत्र में भी द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं का लाभ उठाने पर बल दिया है. वेनेजुएला के खनन विकास मंत्री हेक्टर सिल्वा ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुलाकात में द्विपक्षीय आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों पर बातचीत की.

# खूफिया एजेंसियों की भूमिका कमजोर

### श्रीनगर धमाके पर केजरीवाल का सरकार पर बड़ा हमला

**नईदिल्ली, 15 नवबंर. श्रीनगर के एक पुलिस स्टेशन के बाहर देर रात हुए बम धमाके ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया. इस दर्दनाक घटना में कई बहादुर पुलिसकर्मी शहीद हो गए, जबकि कई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं.**

घटना की खबर सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में भी हलचल मच गई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की और शहीदों के परिवारों को शक्ति देने की प्रार्थना की, लेकिन संवेदना व्यक्त करने के साथ ही केजरीवाल ने केंद्र सरकार और सुरक्षा एजेंसियों पर गंभीर सवाल भी उठाए. उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुए धमाके की गूंज अभी शांत भी नहीं हुई थी कि श्रीनगर की यह घटना फिर सुरक्षा तंत्र पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा रही है. केजरीवाल ने पूछा—देश में यह हो क्या रहा है? सरकार और खुफिया एजेंसियों की भूमिका आखिर क्यों कमजोर दिखाई दे रही है? उनके इस बयान ने एक बार फिर देश की सुरक्षा व्यवस्था, खुफिया तंत्र और आतंकी गतिविधियों पर राजनीतिक बहस को तेज कर दिया है. श्रीनगर में देर रात हुए बम धमाके ने न केवल कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई.

इसी पृष्ठभूमि में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान चर्चा का विषय बन गया है. उन्होंने ट्वीट कर घटना पर गहरा दुख जताया और शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी. लेकिन इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार, गृह मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारियों पर कई तीखे सवाल भी उठाए. केजरीवाल ने कहा, देश में यह क्या हो रहा है? सुरक्षा तंत्र की इतनी बड़ी चूक आखिर कैसे हुई? उन्होंने याद दिलाया कि दिल्ली धमाके के कुछ ही दिनों बाद श्रीनगर में फिर एक बड़ा हमला होना खुफिया तंत्र की असफलता को दर्शाता है.



# फायर सुरक्षा सर्टिफिकेट का रिन्यूअल पूरी तरह ऑनलाइन

**नई दिल्ली, 15 नवंबर.** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के नवीनीकरण व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया है. श्रीमती गुप्ता ने शनिवार को यहां पोर्टल फॉर ऑनलाइन रिन्यूअल ऑफ फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट का शुभारंभ किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ महीनों में दिल्ली सरकार ने कई ऐतिहासिक सुधार लागू किए हैं, जिनका सीधा लाभ राजधानी के व्यापारियों, नागरिकों और विविध संस्थानों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि फायर परमिट, लाइसेंसिंग और अन्य अनिवार्य अनुमोदनों से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और सिंगल-विंडो सिस्टम में परिवर्तित किया गया है.

# किसानों के विश्वास का उत्सव शुरू : साय

### छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की नई सुबह की शुरुआत

**रायपुर, 15 नवंबर. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को धान खरीदी के शुभारंभ पर कहा, भोर की सुनहरी किरणों के साथ छत्तीसगढ़ की धरती पर आज एक नई शुरुआत हुई है.**

धान खरीदी हमारे किसान भाइयों की मेहनत और सरकार पर उनके विश्वास का उत्सव है. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आत्मा किसान हैं और उनकी मेहनत को सम्मान देने के लिए 15 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है. सभी जिलों में आधारभूत



व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि हर किसान बिना किसी परेशानी के धान विक्रय कर सके. साय ने बताया कि तुंहर टोकन एप, जीपीएस आधारित परिवहन, सतर्क एप, कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर जैसी तकनीकें पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करेंगी. उन्होंने सुशासन पर विश्वास किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास किया और राजग का साथ दिया.

उन्होंने कहा, हमारा संकल्प स्पष्ट है किसान को सुविधा, सम्मानजनक खरीदी और समय पर भुगतान. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्धि का यह सफर आज नई उम्मीद और किसानों के अटूट विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आज पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है. उन्होंने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए कहा, बिहार की जनता को बहुत-बहुत बधाई.

## एक नजर में



### शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यात्री बीजिंग पहुंचे

**बीजिंग, 15 नवंबर.** शेनझोउ-20 का चालक दल अपना अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पूरा करने के बाद विमान से बीजिंग पहुंच गया है. तीनों अंतरिक्ष यात्री- चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर शुक्रवार को सुरक्षित उतर गए. उल्लेखनीय है कि जिस वापसी यान में वे सवार थे वह अंतरिक्ष मलबे से टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था. चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि टीम ने अपने शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान को कक्षा में छोड़ दिया और शेनझोउ-21 का इस्तेमाल करके वापस लौटे हैं. सीएमएसए ने कहा कि 204 दिनों तक कक्षा में रहने के बाद तीनों अंतरिक्ष यात्री स्वस्थ हैं और उनका वापसी मिशन सफल रहा. एजेंसी ने बताया कि चालक दल अब क्वारंटीन में रहेगा और उसके बाद चिकित्सा जांच तथा स्वास्थ्य मूल्यांकन से गुजरेगा. क्वारंटीन और स्वास्थ्य मूल्यांकन अवधि के समाप्त होने के बाद वे बीजिंग में प्रेस से मिलेंगे.

### वायुसेना के विमान दुर्घटनाग्रस्त होने का दावा गलत

**नई दिल्ली 15 नवम्बर.** भारत ने पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया हैंडल पर किये जा रहे इन दावों को निराधार और फर्जी करार दिया है जिनमें अज्ञात इलेक्ट्रॉनिक हस्तक्षेप के कारण शुक्रवार को दो घंटे के अंदर भारतीय वायु सेना के तीन विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की बात कही गयी है. पाकिस्तान समर्थित इन हैंडल पर ये दावे शुक्रवार को चेन्नई के निकट भारतीय वायु सेना के एक ट्रेनर विमान के नियमित उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद किए गए हैं. भारत ने इन दावों को पूरी तरह से निराधार और फर्जी बताते हुए खारिज कर दिया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रेस सूचना ब्यूरो की तथ्य-जांच टीम ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान समर्थित हैंडल पर किए जा रहे दावे फर्जी है. एक्स पर फैक्ट चेक पोस्ट में कहा गया है, भारतीय वायु सेना ने आधिकारिक तौर पर स्पष्ट किया है कि भारतीय वायु सेना का पीसी-7 एमके ढ ट्रेनर विमान शुक्रवार को चेन्नई के तांबरम के पास एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया, और नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है. पीआईबी ने लोगों से आग्रह किया है कि वे गलत सूचना के झांसे में न आएं. ऐसे दावों पर विश्वास करने या साझा करने से पहले हमेशा आधिकारिक स्रोतों से उनका सत्यापन करें.

# अमृत फार्मेसी एक मजबूत राष्ट्रीय नेटवर्क

### जेपी नड्डा ने किया फार्मेसी के समारोह का उद्घाटन

**नई दिल्ली 15 नवंबर. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि अमृत फार्मेसी एक मज़बूत राष्ट्रीय नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है जिसमें वर्तमान में 255 से ज्यादा फार्मेसीज चल रही हैं.**

नड्डा ने आज यहा अमृत (उपचार के लिए किफायती दवाएं और विश्वसनीय प्रत्यारोपण) फार्मेसी के 10वें वर्षगांठ समारोह का उद्घाटन किया. उन्होंने अमृत योजना के कार्यान्वयन में निरंतर और उच्च-गुणवत्तापूर्ण प्रयासों के लिए एचएलएल लाइफकेयर



लिमिटेड को बधाई दी. उन्होंने कहा कि 2014 मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ, किफायती और न्यायसंगत बनाने का संकल्प लिया था. इसी दृष्टिकोण के साथ जन औषधि और अमृत योजना की परिकल्पना की गई थी, दोनों योजनाओं को किफायती दरों पर दवाइयां और चिकित्सा सामग्री उपलब्ध कराने के लिए बनाया था. उन्होंने कहा कि अमृत एक मजबूत राष्ट्रीय नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है जिसमें वर्तमान में 255 से ज़्यादा फार्मेसीज चल रही हैं. इस नेटवर्क का देश भर में 500 दुकानों तक विस्तार करने का लक्ष्य है. उन्होंने जोर दिया कि जहाँ आज देश के हर एम्स में एक अमृत फ़ार्मेसी है, वहीं अगली चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि भारत का हर चिकित्सा महाविद्यालय और हर जिला अस्पताल अमृत फार्मेसी हो ताकि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के हर स्तर पर नागरिकों को किफायती दवाइयाँ मिले. उन्होंने कहा कि ब्रांडेड दवाओं पर 50 प्रतिशत की छूट देना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.

## आज का इतिहास

1713 बाला जी विश्वनाथ को साहू ने पेशवा नियुक्त किया.

1776 ब्रिटिश सैनिकों ने अमेरिका की क्रांति के दौरान फोर्ट वाशिंगटन पर कब्जा किया.

1840 न्यूजीलैंड आधिकारिक तौर पर ब्रिटिश उपनिवेश का हिस्सा बना.

1945 यूनेस्को की स्थापना हुई.

1846 उर्दू के मशहूर शायर अकबर इलाहाबादी का जन्म.

1849 रूस के प्रसिद्ध लेखक फ़्योदोर दोस्तोवस्की को फांसी की सजा.



# आतंकी धमकी देने वालों का पता लगाएगा साफ्टवेयर

### केंद्र सरकार ने 4.73 करोड़ का बजट किया स्वीकृत

**प्रयागराज, 15 नवंबर. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का ट्रिपल आईटी संस्थान एक ऐसा सिस्टम तैयार करने जा रहा है, जो आतंकी धमकी देने वालों की तह तक जाएगा.**

इसके लिए यहां के एक्सपर्ट एआई बेस्ड साफ्टवेयर बनाने जा रहे हैं. इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से करीब 4.73 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है. इस तरह का यह देश का पहला सिस्टम होगा. इससे पलक झपकते ही साइबर टेररिज्म को आसानी से नाकाम किया जा सकता है. बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी भी कोने से बैठ कर कोई भी यदि भारत पर बुरी नजर रखता है तो वह बच नहीं पाएगा. धमकी देने वाला व्यक्ति कहां पर छिपा बैठा हुआ है.

उसकी जानकारी तत्काल यह सिस्टम आसानी से पता लगा सकेगा, कि यह धमकी कहां से आई है. ट्रिपल आईटी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. बृजेंद्र सिंह की देखरेख में इस पर काम शुरू कर दिया गया है. प्रो. वृजेंद्र सिंह ने बताया कि मिनिस्ट्री आफ इलेक्ट्रानिक एंड टेक्नोलॉजी एंड इंफार्मेशन की तरफ से यह प्रोजेक्ट संस्थान को दिया गया है.

### एआई बेस्ड सिस्टम तैयार किया

आजकल साइबर सिस्टम का दुरुपयोग बहुत किया जाता है. बहुत सारी असामाजिक गतिविधियां होती रहती हैं .कहीं बम से उड़ाने की धमकी दी जाती है तो कहीं अन्य तरह की धमकियां मिलती रहती है. इसका पता लगाने के लिए सरकार को तमाम एजेंसियों को लगाना पड़ता है. समय के साथ काफी पैसे भी खर्च होते हैं. बाद में यह पता चलता है कि फेक काल्स थी या फर्जी सूचनाएं हैं. इससे लोगों में डर का माहौल भी पैदा हो जाता है. प्रो. सिंह ने बताया कि जो एजेंटिक एआई बेस्ड सिस्टम तैयार किया जा रहा है. इसमें तत्काल आसानी से धमकी देने वालों को लोकेट किया जा सकता है. इतना ही नहीं लोकेट करने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को रियल टाइम में अलर्ट भेजा जाएगा. उन्होंने बताया कि इसमें हम वीपीएन-एलएलएम टाइप का सिस्टम डेवलप कर रहे हैं.

# बिहार चुनाव : प्रदेश के कुछ सीटों पर रोमांचक जीत

**पटना, 15 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जनता ने इस बार पूरे आत्मविश्वास के साथ एनडीए के पक्ष में वोट किया है. 202 सीटों की ऐतिहासिक जीत जहां सरकार की राह आसान हो गई है.**

वहीं कुछ सीटों पर मुकाबले ऐसे रहे, जिन्हें देखकर पूरा प्रदेश रोमांचित हो उठा. इस चुनाव में कई उम्मीदवारों ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कर अपना राजनीतिक इत्तिहास रचा. रूपौली, गोपालपुर और दीघा जैसी सीटों ने ऐसे मार्जिन दिए, जो हाल के चुनावों में कम ही देखने को मिलते हैं. सबसे बड़ी जीत रूपौली विधानसभा क्षेत्र से जदयू के



भाजपा प्रत्याशी महेश पासवान 95 वोट से जीते



बसपा प्रत्याशी सतीश वोट 30 वोट से जीते



आरजेडी प्रत्याशी रहमान वोट 178 वोट से जीते

कलाधर प्रसाद मंडल की रही. उन्होंने 73,572 मतों के भारी अंतर से आरजेडी की बीमा भारती को हराया. यह अंतर राज्य में शीर्ष पर रहा. दीघा से भाजपा के संजीव चौरसिया ने भी 59,079 वोटों से जीतकर बड़े मार्जिन वाली सीटों में जगह बनाई. गोपालपुर में जदयू के शैलेश मंडल ने वीआईपी प्रत्याशी को 58,135 वोटों से पीछे छोड़ा, जबकि हसनपुर में लोजपा (रामविलास) के राजेश कुमार ने 58,191 मतों से दमदार जीत दर्ज की. इन सभी परिणामों ने यह संकेत दिया कि एनडीए के कुछ क्षेत्रों में जनसमर्थन भारी मात्रा में कायम रहा. चुनाव में कांग्रेस ने छह सीटें जीती, जिसमें से तीन सीटों पर उसके प्रत्याशियों ने अपने निकटतम प्रतिद्धंदियों को 2000 से कम वोट के अंतर से पराजित किया.

सबसे कम अंतर वाली सीटों ने इस चुनाव के रोमांच को और गहरा किया. संदेश सीट पर जदयू के राधा चरण साह मात्र 27 वोटों से जीते—यह न केवल इस चुनाव का सबसे छोटा अंतर था, बल्कि पूरे बिहार में चर्चा का विषय बन गया. रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार सतीश कुमार सिंह यादव सिर्फ 30 वोटों से विजयी रहे. अगिआंव में भाजपा के महेश पासवान 95 वोटों से जीते, जबकि ढाका में आरजेडी के फैसल रहमान को 178 वोटों के मामूली अंतर से सफलता मिली. फारबिसगंज में कांग्रेस के मनोज विश्वास सिर्फ 221 वोटों से जीतकर विधानसभा तक पहुंचे.

## बदलाव

### 3375 करोड़ की लागत से बनेगी 194 किमी नई रेल लाइन क्षेत्र का होगा समग्र विकास

# गुजरात के कच्छ में बनेगी चार नई रेल लाइन

**अहमदाबाद, 15 नवबंर. पश्चिम रेलवे के गुजरात राज्य के कच्छ जिले में दो महत्वपूर्ण नई रेल लाइन देशलपर-हाजीपीर-लूना (81.771 किमी) एवंवायोर-लखपत (62.686 किमी) नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजनाओं को केंद्रीय मंत्री मण्डल ने स्वीकृति प्रदान की है.**

भुज-नलिया रेल लाइन का वायोर तक विस्तार एवं नलिया-जखाऊ पोर्ट नई रेल लाइनलगभग 194 किमी रु.3375 करोड़ की लागत से बनाई जाएंगी. सीमावर्ती एवं तटीय क्षेत्रों में रेल संपर्क को




सुदृढ़ करने, औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने तथा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसंरचना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगी. गुजरात का कच्छ क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों और औद्योगिक क्षमता के मामले में देश के सबसे समृद्ध क्षेत्रों में गिना जाता है. भारत में उत्पादित कुल लाइम स्टोन का लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन कच्छ मेंहोता है, जिससे यह क्षेत्र देश कीसबसे बड़ी लाइम स्टोन बेल्टके रूप में पहचाना जाता है.

इन विशेषताओं के कारण इसका उपयोग ड्रिलिंग फ्लूइड, कॉस्मेटिक्स, कृषि, वॉटर सहित अनेक उद्योगों में किया जाता है. वर्तमान में कच्छ क्षेत्र में 209 बेंटोनाइट खदानें सक्रिय हैं, जहाँ से लगभग 60 मिलियन टन उत्पादन प्रतिवर्ष प्राप्त होता है, जो इसकी औद्योगिक महत्ता को स्पष्ट करता है. औद्योगिक उत्पादन के साथ-साथ कच्छ क्षेत्र रेलवे के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. यह क्षेत्र सर्वाधिक माल लदान प्रदान करने वाला क्षेत्र है. कंटेनरों के 10.586 मिलियन मीट्रिक टनका लदान किया गया.

# ट्रम्प दायर करेंगे बीबीसी के खिलाफ केस

**वाशिंगटन 15 नवंबर. अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह पैनोरमा द्वारा उनके भाषण को संपादित किये जाने को लेकर बीबीसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे.**

गौरतलब है कि इस मामले में पैनोरमा मीडिया ने ट्रम्प से माफी तो मांग ली है लेकिन उन्हें नुकसान की भरपाई (मुआवजे) करने से इनकार किया है. ट्रम्प ने शुक्रवार शाम एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, हम उन पर एक से पांच अरब डॉलर के बीच के मुआवजे का मुकदमा करेंगे. संभवत: अगले हफ्ते कभी भी यह कदम उठा सकते हैं. बीबीसी ने गुरुवार को कहा था कि छह जनवरी 2021 के भाषण के संपादन में अनजाने में यह गलती हो गयी कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने



हिंसक कार्रवाई का सीधा आह्वान किया था और कहा कि इसे फिर से प्रसारित नहीं किया जाएगा. बीबीसी ने ट्रम्प से माफी मांगी, लेकिन कहा वह आर्थिक मुआवज़ा नहीं देगा. बीबीसी ने यह बयान ट्रंप के वकीलों की धमकी दिये जाने के बाद जारी किया, जिसमें उनके वकीलों ने कहा था अगर बीबीसी ने बयान वापस नहीं लिया, माफ़ी नहीं मांगी और उन्हें मुआवज़ा नहीं दिया, तो वे बीबीसी पर एक अरब डॉलर का मुकदमा करेंगे.

श्री ट्रम्प ने पत्रकारों से कानूनी कार्रवाई करने की अपनी योजना के बारे में कहा, मुझे लगता है कि मुझे यह करना ही होगा. उन्होंने धोखा दिया. उन्होंने मेरे मुँह से निकलने वाले शब्दों को बदल दिया. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर उनसे (श्री ट्रम्प) से बात करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने (श्री ट्रम्प) ने उनसे इस मुद्दे पर चर्चा नहीं की थी. वह सप्ताहांत में स्टारमर को फोन करेंगे. एक रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक न्यायालय रिकॉर्ड डेटाबेस की खोज से पुष्टि हुई कि कल शाम तक फ्लोरिडा की संघीय या राज्य

# अफगानिस्तान में जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू

**काबुल, 15 नवंबर.** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार में एक नए जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू किया गया है. शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी. रिपोर्ट में कहा गया है कि लालपुर ज़िले में निर्मित इस परियोजना का उद्देश्य 665 परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, जिन्हें हाल ही में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ा है. इस नेटवर्क से पानी की कमी से प्रभावित निवासियों की दैनिक कठिनाइयां कम होने उम्मीद है. अफ़ग़ानिस्तान वर्षों से सूखे का सामना कर रहा है, जिसका असर देश भर के समुदायों पर पड़ रहा है. काबुल सहित प्रमुख शहरों को हाल के वर्षों में पेयजल की गंभीर कमी का सामना करना पड़ा है.